भारत सरकार
वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय
उद्योग संवर्धन और आंतरिक व्यापार विभाग
राज्य सभा

तारांकित प्रश्न संख्या: 178

शुक्रवार, 04 अगस्त, 2023 को उत्तर दिए जाने के लिए

ओपन नेटवर्क फॉर डिजिटल कॉमर्स पर पंजीकरण

***178.श्री एस. निरंजन रेड्डी:**

क्या **वाणिज्य और उद्योग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) ओपन नेटवर्क फॉर डिजिटल कॉमर्स (ओएनडीसी) पर विक्रेताओं के तौर पर पंजीकृत और सक्रिय किसान उत्पादक संगठनों (एफपीओ), स्व-सहायता समूहों (एसएचजी), सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (एमएसएमई),, फूड एग्रीगेटर कंपनियों और छोटे व्यवसायों की संख्या कितनी है;;

(ख) इस प्लेटफार्म पर सक्रिय विक्रेताओं के तौर पर पंजीकृत निजी कंपनियों और बड़े व्यवसायों का ब्यौरा क्या है;;

(ग) क्या ओएनडीसी का पूर्ण रूप से लाभ उठाने के लिए छोटे व्यवसायों के बीच जागरूकता, शिक्षा और अनुकूलन बढ़ाने के लिए कोई कदम उठाए गए हैं;;और

(घ) क्या छोटे व्यवसायों और स्थानीय व्यापारियों को ओएनडीसी का उपयोग करने और ओएनडीसी के अनुकूल होने के लिए कोई प्रशिक्षण प्रदान किया गया है?

उत्तर
वाणिज्य और उद्योग मंत्री
(श्री पीयूष गोयल)

(क) से (घ): विवरण सदन के पटल पर रख दिया गया है।

*****

दिनांक 04.08.2023 को उत्तर दिए जाने के लिए नियत राज्य सभा तारांकित प्रश्न संख्या 178 के भाग (क) से (घ) के उत्तर में उल्लिखित विवरण

(क) : नेटवर्क होने के नाते, ओएनडीसी सीधे तौर पर किसी विक्रेता को शामिल नहीं करता। ओएनडीसी, उत्पादों और सेवाओं, दोनों को नेटवर्क के जरिए लेन-देन में सक्षम बनाता है।

- वर्तमान में, 1600 से अधिक किसान उत्पादक संगठन (एफपीओ) विभिन्न विक्रेता नेटवर्क भागीदारों के जरिए ओएनडीसी नेटवर्क के भाग के रूप में पंजीकृत हैं।
- 140 से अधिक स्वयं सहायता समूह (एसएचजी), सूक्ष्म उद्यमी और सामाजिक क्षेत्र के उपक्रम सिडबी की सहयता से नेटवर्क में शामिल हुए हैं।
- ओएनडीसी, मौजूदा विक्रेता एप्लीकेशन के जरिए एमएसएमई को नेटवर्क के साथ जोड़ने के लिए एमएसएमई मंत्रालय के साथ सक्रिय रूप से मिलकर कार्य कर रहा है तथा यह एमएसएमई-मार्ट, जिसमें 2 लाख से अधिक एमएसएमई शामिल हैं, को ओएनडीसी के साथ एकीकृत करने के लिए भी कार्य कर रहा है।
- ओएनडीसी, विभिन्न फूड एग्रीगेटर्स के जरिए रेस्टोरेंट्स को नेटवर्क में शामिल करने के लिए उद्योग संघों जैसे नेशनल रेस्टोरेंट एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एनआरएआई) तथा फेडरेशन ऑफ होटल एंड रेस्टोरेंट एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एफएचआरएआई) के साथ भी सक्रिय रूप से कार्य कर रहा है। वर्तमान में ओएनडीसी के नेटवर्क पर 47,000 से अधिक खाद्य और पेय पदार्थ (एफ एंड बी) विक्रेता उपलब्ध हैं।

(ख) : वर्तमान में, नेटवर्क पर उपलब्ध 1.3 लाख विक्रेता और सेवा प्रदाता विभिन्न विक्रेता नेटवर्क भागीदारों के जरिए ओएनडीसी में शामिल हुए हैं। इन विक्रेताओं में छोटे, मध्यम और बड़े उपक्रम तथा मोबिलिटी के मामले में ड्राइवर्स शामिल हैं।

(ग) और (घ) : ओएनडीसी का पूरी तरह से लाभ उठाने और ओएनडीसी अनुकूल बनाने के लिए छोटे व्यवसायों के बीच जागरूकता, जानकारी और अनुकूलन बढ़ाने हेतु ओएनडीसी ने कई पहलें की हैं। इनमें निम्नलिखित शामिल है:

- ओएनडीसी, छोटे विक्रेताओं और कारोबारियों को ओएनडीसी तथा इसके लाभों के बारे में शिक्षित करने के लिए, विभिन्न उद्योग संघों के सहयोग से देशभर में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर रहा है। आरएआई, पीएचडीसीसीआई, एफआईसीसीआई, नेस्कॉम और एफएचआरएआई के साथ मिलकर कई संयुक्त कार्यशालाएं आयोजित की जा रही हैं।

- ओएनडीसी, सभी राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों के विभिन्न विभागों के साथ सक्रिय रूप से कार्य कर रहा है। प्रत्येक राज्य/संघ राज्य क्षेत्र ने ओएनडीसी के साथ राज्य स्तरीय भागीदारी में तेजी लाने के लिए एक नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। देशभर में विभिन्न ओएनडीसी जागरूकता अभियान और कार्यशालाएं आयोजित की जा रही हैं।

- विक्रेताओं की पहचान करने तथा उन्हें ओएनडीसी के लाभों और विक्रेता एप्लीकेशन के जरिए इसमें शामिल होने के बारे में शिक्षित करने, विक्रेता एप्लीकेशन से जुड़ने के लिए विक्रेताओं की सहायता करने और प्रारंभिक स्तर की मूलभूत सूची तैयार करने में नेटवर्क भागीदारों की सहायता करने हेतु ओएनडीसी ने फीट ऑन स्ट्रीट कार्यक्रम शुरू किया है।

- हाल ही में, ओएनडीसी ने एक अकादमी शुरू की जो शैक्षणिक और सूचनात्मक टेक्स्ट और वीडियो सामग्री का भंडार है। ओएनडीसी अकादमी सीखने का सुव्यवस्थित अनुभव प्रदान करती है जिसमें ओएनडीसी नेटवर्क के प्रत्येक भागीदार को सफल ई-कॉमर्स प्रक्रिया के संबंध में मार्गदर्शन और सर्वश्रेष्ठ पद्धतियां उपलब्ध होती हैं।

*****